CDS EXAM (II),2021

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी. बी. सी. : NYRG-B-GNL

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

A

क्रम संख्या

122197

परीक्षण पुस्तिका
सामान्य ज्ञान

समय : दो घण्टे *पूर्णांक : 100*

अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. किसी वस्तु का वास्तविक और वर्धित (बड़ा) प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए वस्तु को उत्तल लेन्स के सामने कहाँ रखा जाना चाहिए ?

(a) दुगुनी फोकस दूरी पर

(b) अनंत पर

(c) मुख्य फोकस और दुगुनी फोकस दूरी के बीच में

(d) दुगुनी फोकस दूरी से परे

2. किसी धारावाही दीर्घ परिनालिका (सॉलेनॉइड) के भीतर चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ किस आकार में होती हैं ?

(a) दीर्घवृत्त

(b) परवलय

(c) अतिपरवलय

(d) समांतर सीधी रेखाएँ

3. जब कोई प्रकाश किरण किसी विरल माध्यम से किसी सघन माध्यम में गमन करती है, तो क्या घटित होता है ?

(a) यह धीमी हो जाती है और अभिलंब से परे झुक जाती है ।

(b) यह धीमी हो जाती है और अभिलंब की ओर झुक जाती है ।

(c) इसकी चाल तेज़ हो जाती है और अभिलंब से परे झुक जाती है ।

(d) इसकी चाल तेज़ हो जाती है और अभिलंब की ओर झुक जाती है ।

4. एक विद्युत परिपथ में एक सेल, एक ऐमीटर और l लंबाई की एक निक्रोम तार सम्मिलित है । यदि तार की लंबाई घटाकर आधी ($l/2$) कर दी जाती है, तो ऐमीटर का पाठ्यांक क्या होगा ?

(a) घटकर आधा हो जाएगा

(b) दुगुना हो जाएगा

(c) घटकर एक-तिहाई हो जाएगा

(d) अपरिवर्तित रहेगा

5. बालू पर किसी मानव शरीर द्वारा लगने वाले दाब का क्या प्रभाव होता है ?

(a) लेटे होने की तुलना में खड़े होने की स्थिति में अधिक

(b) लेटे होने की तुलना में खड़े होने की स्थिति में कम

(c) खड़े होने या लेटे होने की स्थिति में एकसमान

(d) दिन के समय खड़े होने की स्थिति में अधिक और रात के समय लेटे होने की स्थिति में कम

6. एक खिलाड़ी (एथलीट) 100 m व्यास वाले वृत्तीय पथ का एक चक्कर 20 सेकंड में पूरा करता है । क्रमशः 1 मिनट और 10 सेकंड के बाद उसके विस्थापन कितने होंगे ?

(a) 0 m, 50 m

(b) 300 m, 100 m

(c) 300 m, 50 m

(d) 0 m, 100 m

7. सार्वत्रिक सूचक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह विभिन्न सूचकों का मिश्रण है ।

2. यह विलयन में हाइड्रोजन आयनों की विभिन्न सांद्रताओं पर विभिन्न रंग दर्शाता है ।

3. यह अनुमापन में दिए गए अम्ल और क्षार की प्रबलता के निर्धारण में सहायता करता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

1. Where should an object be placed in front of a convex lens to get a real and enlarged image of the object ?

(a) At twice the focal length

(b) At infinity

(c) Between the principal focus and twice the focal length

(d) Beyond twice the focal length

2. The magnetic field lines inside a current carrying long solenoid are in the form of

(a) ellipse.

(b) parabola.

(c) hyperbola.

(d) parallel straight lines.

3. A ray of light travelling from a rarer medium to a denser medium

(a) slows down and bends away from the normal.

(b) slows down and bends towards the normal.

(c) speeds up and bends away from the normal.

(d) speeds up and bends towards the normal.

4. An electric circuit is consisting of a cell, an ammeter and a nichrome wire of length l. If the length of the wire is reduced to half ($l/2$), then the ammeter reading

(a) decreases to one-half.

(b) gets doubled.

(c) decreases to one-third.

(d) remains unchanged.

5. What is the effect of pressure of a human body on sand ?

(a) Larger while standing than while lying

(b) Smaller while standing than while lying

(c) Same while standing or lying

(d) Larger while standing during the daytime and smaller during the night time while lying

6. An athlete completes one round of a circular track of diameter 100 m in 20 s. What will be the displacements after 1 minute and 10 s, respectively ?

(a) 0 m, 50 m

(b) 300 m, 100 m

(c) 300 m, 50 m

(d) 0 m, 100 m

7. Which of the following statements about universal indicator is/are true ?

1. It is a mixture of several indicators.

2. It shows different colours at different concentrations of hydrogen ions in solution.

3. It helps to determine the strength of given acid and base in titration.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

8. निम्नलिखित कार्बन अपररूपों में से कौन-सा/कौन-से विद्युत का/के सुचालक है/हैं ?

1. हीरा
2. ग्रैफाइट
3. फुलेरीन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2
(d) केवल 1 और 3

9. भू-पर्पटी में कार्बन का अनुमानित प्रतिशत कितना है ?

(a) 0·045%
(b) 0·025%
(c) 0·015%
(d) 0·005%

10. जब ताम्र वायु में आर्द्र कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) के साथ अभिक्रिया करता है, तब वह निम्नलिखित में से किस यौगिक का हरित विलेपन (कोटिंग) बनाता है ?

(a) क्यूप्रिक कार्बोनेट
(b) क्यूप्रस ऑक्साइड
(c) क्यूप्रिक ऑक्साइड
(d) कॉपर सल्फेट

11. अतिरिक्त वायु की उपस्थिति में प्रबल तापन द्वारा सल्फाइड अयस्कों को ऑक्साइडों में रूपांतरित करने की प्रक्रिया का नाम क्या है ?

(a) निस्तापन
(b) भर्जन (रोस्टिंग)
(c) प्रगलन
(d) भस्मीकरण

12. मिश्रातु टाँका (ऐलॉय सोल्डर) के संघटक कौन-से हैं ?

(a) Pb और Zn
(b) Pb और Sn
(c) Pb और Si
(d) Pb और Co

13. निम्नलिखित में से कौन-सा किसी खाद्य शृंखला में पोषण रीतियों की संख्या को सीमित करता है ?

(a) अपूर्ण खाद्य आपूर्ति
(b) प्रदूषित वायु
(c) उच्चतर पोषण रीतियों पर उपलब्ध ऊर्जा में कमी
(d) परजीवी जीव

14. मटर के एक शुद्ध लंबे पौधे (TT) का संकरण एक बौने पौधे (tt) से किया जाता है । F_2 पीढ़ी में शुद्ध लंबे पौधों का बौने पौधों के साथ अनुपात क्या होगा ?

(a) 1 : 1
(b) 1 : 3
(c) 3 : 1
(d) 2 : 1

15. विभिन्नता (वेरिएशन) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) अलैंगिक जनन में विभिन्नता न्यूनतम है ।
(b) किसी जाति में सभी विभिन्नताओं की उत्तरजीविता के समान अवसर होते हैं ।
(c) आनुवंशिक संघटन में परिवर्तन के परिणामस्वरूप विभिन्नता उत्पन्न होती है ।
(d) पर्यावरणीय कारकों द्वारा परिवर्तों का चयन किया जा सकता है ।

8. Which of the following carbon allotropes is/are good conductor(s) of electricity ?

1. Diamond
2. Graphite
3. Fullerene

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 only
(d) 1 and 3 only

9. What is the approximate percentage of carbon in the Earth's crust ?

(a) 0·045%
(b) 0·025%
(c) 0·015%
(d) 0·005%

10. When copper reacts with moist carbon dioxide (CO_2) in air, it forms a green coating of which one of the following compounds ?

(a) Cupric carbonate
(b) Cuprous oxide
(c) Cupric oxide
(d) Copper sulphate

11. What is the name of the process that converts sulphide ores into oxides by heating strongly in the presence of excess air ?

(a) Calcination
(b) Roasting
(c) Smelting
(d) Incineration

12. What are the constituents of alloy solder ?

(a) Pb and Zn
(b) Pb and Sn
(c) Pb and Si
(d) Pb and Co

13. Which of the following limits the number of trophic levels in a food chain ?

(a) Deficient food supply
(b) Polluted air
(c) Decrease in the available energy at higher trophic levels
(d) Parasitic organisms

14. In pea, a pure tall plant (TT) is crossed with a short plant (tt). What will be the ratio of pure tall plants to short plants in the F_2 generation ?

(a) 1 : 1
(b) 1 : 3
(c) 3 : 1
(d) 2 : 1

15. Which one of the following statements about variations is ***not*** true ?

(a) Variation is minimum in asexual reproduction.
(b) All variations in a species have equal chances of survival.
(c) Changes in genetic constitution result in variation.
(d) Variants can be selected by environmental factors.

16. किसी क्षेत्र की वनस्पति के अध्ययन के दौरान प्रायः 'समष्टि' और 'समुदाय' जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है । निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसी समष्टि को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है ?

(a) एक ही समय पर, एक ही क्षेत्र में रहने वाली किसी जाति के जीवों का समूह ।

(b) विभिन्न मौसमों में, विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाली किसी जाति के जीवों का समूह ।

(c) जीवीय और अजैव घटकों से बनी कोई इकाई ।

(d) एक ही समय पर, एक ही क्षेत्र में रहने वाली एकाधिक जातियों के जीवों का समूह ।

17. मानव शरीर में, रक्त का प्रवाह द्वि-परिसंचरण प्रक्रिया के माध्यम से होता है । इस संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) ऑक्सीजनित रक्त फेफड़ों से हृदय के बाएँ भाग में पहुँचता है ।

(b) हृदय के बाएँ भाग के रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा कम होती है और उसे हृदय के दाहिने भाग में ले जाया जाता है ।

(c) हृदय के बाएँ भाग से विऑक्सीजनित रक्त ऑक्सीजनीकरण के लिए फेफड़ों में ले जाया जाता है ।

(d) हृदय के दाहिने भाग से ऑक्सीजनित रक्त संपूर्ण शरीर में भेजा जाता है ।

18. जीवों के निम्नलिखित समूहों में से किसमें खाद्य पदार्थ शरीर के बाहर विघटित होता है और अवशोषित होता है ?

(a) खमीर, छत्रक, ब्रेड फफूँदी (मोल्ड)

(b) छत्रक, *अमीबा,* हरित पादप

(c) केसर्टा, फीताकृमि, यूका (जूँ)

(d) *पैरामीशियम, अमीबा,* केसर्टा

19. एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 4 kHz और तरंगदैर्घ्य 30 cm है । यह 2·4 km की दूरी तय करने में कितना समय लेगी ?

(a) 2·0 s

(b) 0·6 s

(c) 1·0 s

(d) 8·0 s

20. एक विद्युत बल्ब एक 110 V जनित्र (जनरेटर) के साथ जुड़ा है । विद्युत धारा 0·2 A है । बल्ब की शक्ति कितनी है ?

(a) 0·22 W

(b) 2·2 W

(c) 22 W

(d) 220 W

16. While studying vegetation of an area, terms like 'population' and 'community' are often used. Which one of the following statements best describes a population ?

(a) A group of organisms of one species, living in the same area at the same time.

(b) A group of organisms of one species living in different areas during different seasons.

(c) A unit consisting of biotic and abiotic components.

(d) A group of organisms of more than one species, living in the same area at the same time.

17. In the human body, blood flows through a process of double circulation. Which one of the following statements is true in this regard ?

(a) Oxygenated blood reaches the left side of the heart from the lungs.

(b) Blood in the left side of the heart is poor in oxygen and is brought to the right side of the heart.

(c) Deoxygenated blood from the left side of the heart is brought to the lungs for oxygenation.

(d) Oxygenated blood from the right side of the heart is sent around the body.

18. In which of the following groups of organisms, is food material broken down outside the body and absorbed ?

(a) Yeast, mushroom, bread mould

(b) Mushroom, *Amoeba,* green plants

(c) Caserta, tapeworm, lice

(d) *Paramecium, Amoeba,* Caserta

19. A sound wave has a frequency of 4 kHz and wavelength 30 cm. How long will it take to travel 2·4 km ?

(a) 2·0 s

(b) 0·6 s

(c) 1·0 s

(d) 8·0 s

20. An electric bulb is connected to a 110 V generator. The current is 0·2 A. What is the power of the bulb ?

(a) 0·22 W

(b) 2·2 W

(c) 22 W

(d) 220 W

21. किसी एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में प्रवेश करते समय प्रकाश का अपवर्तन किस कारण से होता है ?

(a) माध्यम के तापमान में परिवर्तन के कारण

(b) प्रकाश के आयाम में परिवर्तन के कारण

(c) प्रकाश की चाल (स्पीड) में परिवर्तन के कारण

(d) प्रकाश के आंतरिक गुणधर्म के कारण

22. एक बस बस-स्टैंड से चलना प्रारंभ कर एकसमान त्वरण से चलती हुई 10 मिनट में 20 km/h की चाल (स्पीड) प्राप्त करती है । इसका त्वरण क्या है ?

(a) $200\ km/h^2$

(b) $120\ km/h^2$

(c) $100\ km/h^2$

(d) $240\ km/h^2$

23. तनु HCl के साथ अभिक्रिया करने वाले धातुओं की सही अभिक्रियता कोटि (रिएक्टिविटी ऑर्डर) निम्नलिखित में से कौन-सी है ?

(a) $Mg > Al > Zn > Fe$

(b) $Mg < Al < Zn < Fe$

(c) $Mg > Zn > Fe > Al$

(d) $Fe > Mg > Al > Zn$

24. निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल बिच्छू-बूटी (नेटल) की पत्तियों द्वारा स्रावित होता है, जिससे पीड़ादायक जलन होती है ?

(a) मेथैनॉइक अम्ल

(b) सिट्रिक अम्ल

(c) टार्टरिक अम्ल

(d) ऐसीटिक अम्ल

25. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. सभी क्षारक (बेस) क्षार (ऐल्कलाई) हैं ।
2. सभी क्षार जल में घुल जाते हैं ।
3. क्षार स्पर्श में साबुनी, स्वाद में कड़वे और संक्षारक प्रकृति के होते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 3

26. किसी रक्षक नली (शुष्कन नली) में निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य मौजूद होता है, जिसका उपयोग HCl गैस बनाने में किया जाता है ?

(a) कैल्सियम क्लोराइड

(b) कैल्सियम ब्रोमाइड

(c) कैल्सियम आयोडाइड

(d) कैल्सियम फ्लुओराइड

27. उर्वरकों का उपयोग फ़सलों की अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए किया जाता है । तथापि, उर्वरकों में सभी पोषक तत्त्व सामान्यतः उपलब्ध नहीं होते हैं । निम्नलिखित में से कौन-सा पोषक तत्त्व सामान्यतः उर्वरकों में उपलब्ध ***नहीं*** होता है ?

(a) लौह

(b) पोटैशियम

(c) नाइट्रोजन

(d) फॉस्फोरस

21. Refraction of light, as it enters from one transparent medium to another, is due to

(a) change in temperature of the media.

(b) change in the amplitude of light.

(c) change in speed of light.

(d) internal property of light.

22. A bus starting from a bus-stand and moving with uniform acceleration attains a speed of 20 km/h in 10 minutes. What is its acceleration ?

(a) 200 km/h^2

(b) 120 km/h^2

(c) 100 km/h^2

(d) 240 km/h^2

23. Which one of the following is the correct reactivity order of metals reacting with dilute HCl ?

(a) Mg > Al > Zn > Fe

(b) Mg < Al < Zn < Fe

(c) Mg > Zn > Fe > Al

(d) Fe > Mg > Al > Zn

24. Which one of the following acids is secreted by leaves of Nettle that causes painful stings ?

(a) Methanoic acid

(b) Citric acid

(c) Tartaric acid

(d) Acetic acid

25. Which of the following statements is/are correct ?

1. All the bases are alkali.
2. All alkalis dissolve in water.
3. Alkalis are soapy to touch, bitter in taste and corrosive in nature.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

26. Which one of the following materials is present in a guard tube (drying tube) that is used for preparation of HCl gas ?

(a) Calcium chloride

(b) Calcium bromide

(c) Calcium iodide

(d) Calcium fluoride

27. Fertilizers are used to obtain higher yields of crops. However, all nutrients are usually not available in fertilizers. Which one of the following nutrients is usually ***not*** available in fertilizers ?

(a) Iron

(b) Potassium

(c) Nitrogen

(d) Phosphorus

28. रूपा और सचिन ने अपने विद्यालय के उद्यान में एक प्राणी देखा । रूपा ने इसे एक कीट कहा, जबकि सचिन ने इसकी पहचान केंचुआ के रूप में की । निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण पुष्टि करता है कि यह एक कीट है ?

(a) उक्त प्राणी के संधित पाद थे ।

(b) उक्त प्राणी का शरीर अत्यंत कम खंडों में विभाजित था ।

(c) उक्त प्राणी का शरीर बेलनाकार था ।

(d) उक्त प्राणी का शरीर द्विपार्श्विक रूप से सममित था ।

29. ऐसे प्राणी जो समुद्री हैं, द्विपार्श्विक रूप से सममित हैं, जिनमें एक प्रगुहा और एक पृष्ठरज्जु है, किंतु कशेरुक दंड की रचना नहीं करते हैं, उन्हें निम्नलिखित में से किस समूह के अंतर्गत रखा गया है ?

(a) कॉर्डेटा (रज्जुकी संघ)

(b) प्रोटोकॉर्डेटा

(c) कशेरुकी

(d) मैमेलिया

30. पादपों में अंतर्वेशी विभज्योतक कहाँ पाया जाता है ?

(a) पत्तियों अथवा पर्वों के आधार पर

(b) तनों अथवा जड़ों में

(c) तनों तथा पत्तियों के अग्र भाग में

(d) पुष्पवृंत के आधार पर

31. निम्नलिखित में से किस राष्ट्र के परिसंघ को "अनश्वर राज्यों का अनश्वर संघ" के रूप में वर्णित किया जाता है ?

(a) भारत

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका

(c) कनाडा

(d) ऑस्ट्रेलिया

32. प्रसिद्ध निबंध *'The End of History and the Last Man (दि एंड ऑफ हिस्टरि एण्ड दि लास्ट मैन)'* का लेखक निम्नलिखित में से कौन है ?

(a) फ्रांसिस फुकुयामा

(b) डेनियल बेल

(c) अब्राहम लिंकन

(d) एंथोनी गिडेंस

33. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) इलाहाबाद उच्च न्यायालय का एक न्यायपीठ (बेंच) लखनऊ में है ।

(b) मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का एक न्यायपीठ ग्वालियर में है ।

(c) राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में स्थित है ।

(d) गुवाहाटी उच्च न्यायालय का कोई न्यायपीठ नहीं है ।

34. संसद सदस्यों की निरर्हता के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक शर्त ***नहीं*** है ?

(a) किसी विदेशी राज्य की नागरिकता स्वेच्छा से अर्जित करना

(b) राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष पद धारण करना

(c) सदस्य सदन में पूर्व अनुमति के बिना मतदान से प्रविरत रहता है

(d) सदस्य राष्ट्रीय कोयला विकास निगम लिमिटेड के निदेशक मंडल का अध्यक्ष पद धारण करता है

28. Rupa and Sachin observed an animal in their school garden. Rupa called it an insect while Sachin identified it as an earthworm. Which one of the following characteristics confirms that it is an insect ?

(a) The animal had jointed legs.

(b) Body of the animal had very little segmentation.

(c) Body of the animal was cylindrical.

(d) Body of the animal was bilaterally symmetrical.

29. Animals which are marine, bilaterally symmetrical, have a coelom and a notochord, but never form a vertebral column are placed under which one of the following groups ?

(a) Chordata

(b) Protochordata

(c) Vertebrata

(d) Mammalia

30. What is the location of intercalary meristem in plants ?

(a) Base of the leaves or internodes

(b) Stems or roots

(c) Tips of stems and leaves

(d) Base of flower pedicel

31. The federation of which one of the following States has been described as "an indestructible union of indestructible states" ?

(a) India

(b) U.S.A.

(c) Canada

(d) Australia

32. Who among the following is the author of the famous essay, *'The End of History and the Last Man'* ?

(a) Francis Fukuyama

(b) Daniel Bell

(c) Abraham Lincoln

(d) Anthony Giddens

33. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Allahabad High Court has a Bench at Lucknow.

(b) Madhya Pradesh High Court has a Bench at Gwalior.

(c) Rajasthan High Court is located at Jodhpur.

(d) Guwahati High Court has no Bench.

34. Which among the following is ***not*** a condition for the disqualification of a Member of Parliament ?

(a) Voluntary acquisition of citizenship of a foreign country

(b) Holding the office of the Chairperson of the National Commission for Women

(c) The Member abstains from voting in the House without prior permission

(d) The Member holds the office of the Chairman of the Board of Directors of the National Coal Development Corporation Ltd.

35. निम्नलिखित में से किसने राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व को 'सामाजिक अपवर्जन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने' के उद्देश्य के रूप में माना ?

(a) बी.एन. राऊ

(b) ग्रैनविले ऑस्टिन

(c) के.सी. व्हेअर

(d) रजनी कोठारी

36. D बेंगलुरु से नई दिल्ली की अपनी रेल यात्रा लघुतम मार्ग से करती है । उक्त यात्रा के दौरान वह निम्नलिखित में से किस नदी को पार ***नहीं*** करेगी ?

(a) नर्मदा

(b) यमुना

(c) गोदावरी

(d) कृष्णा

37. निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर राज्य की पहचान कीजिए :

1. कर्क-रेखा इस राज्य से होकर गुज़रती है ।
2. इस राज्य का उत्तर-दक्षिण में विस्तार अधिक है ।
3. इस राज्य की बांग्लादेश और म्याँमार के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) त्रिपुरा

(b) मिज़ोरम

(c) नागालैंड

(d) मणिपुर

38. M एक ऐसे संघ राज्य-क्षेत्र का भ्रमण करना चाहता है, जो 34° N और 77° E पर स्थित है । उसने निम्नलिखित में से किस संघ राज्य-क्षेत्र में जाने की योजना बनाई होगी ?

(a) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

(b) लक्षद्वीप

(c) पुडुचेरी

(d) लद्दाख

39. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की किशोर जनसंख्या (आयु वर्ग 10 से 19 वर्ष) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किशोर जनसंख्या में देश की आधी जनसंख्या सम्मिलित है ।
2. यह वर्ग उच्च सामर्थ्य वाली युवा जनसंख्या मानी जाती है ।
3. इस वर्ग में स्त्रियों की संख्या पुरुषों से अधिक है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 2 और 3

40. एक परिचर्चा में, अरुणाचल प्रदेश से M, असम से J, मेघालय से N और नागालैंड से S यह दावा करते हैं कि 2011 की जनगणना के अनुसार उनके राज्य में जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है । सही दावा करने वाले व्यक्ति की पहचान कीजिए ।

(a) M

(b) J

(c) N

(d) S

35. Who among the following considered the Directive Principles of State Policy as aiming at 'furthering the goals of social exclusion' ?

(a) B.N. Rau

(b) Granville Austin

(c) K.C. Wheare

(d) Rajni Kothari

36. D performs her train journey by the shortest route from Bengaluru to New Delhi. Which one of the following rivers will she ***not*** cross while performing the journey ?

(a) Narmada

(b) Yamuna

(c) Godavari

(d) Krishna

37. Identify the State on the basis of the following characteristics :

1. Tropic of Cancer passes through the State.
2. The State has more north-south extension.
3. The State has international border with Bangladesh and Myanmar.

Select the correct answer using the code given below :

(a) Tripura

(b) Mizoram

(c) Nagaland

(d) Manipur

38. M wants to visit a place in a Union Territory, which is located at 34° N and 77° E. Which one of the following Union Territories must he have planned to visit ?

(a) Andaman and Nicobar Islands

(b) Lakshadweep

(c) Puducherry

(d) Ladakh

39. Consider the following statements with respect to the adolescent population (age group of 10 to 19 years) of India, according to the 2011 Census :

1. Adolescent population comprises half the population of the country.
2. The group is regarded as youthful population with high potential.
3. In this group there are greater number of females than males.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2 only

(d) 2 and 3 only

40. In a discussion, M from Arunachal Pradesh, J from Assam, N from Meghalaya and S from Nagaland are claiming that as per Census 2011, their State has the maximum density of population. Identify the person making the correct claim.

(a) M

(b) J

(c) N

(d) S

41. निम्नलिखित प्राचीन भारतीय राजाओं में से किसकी प्रशंसा *प्रयाग प्रशस्ति* में अलंकृत शब्दों में की गई ?

(a) अशोक

(b) हर्षवर्धन

(c) समुद्रगुप्त

(d) बिंदुसार

42. आत्म-सम्मान आंदोलन किसने प्रारंभ किया था ?

(a) बी.आर. अंबेडकर

(b) ज्योतिबा फुले

(c) ई.वी. रामास्वामी नायकर

(d) जवाहरलाल नेहरू

43. प्राचीन भारतीय ग्रंथों में वर्णित प्राचीन शहर तक्षशिला की अवस्थिति का निरूपण किसने किया ?

(a) अलेक्ज़ेंडर कनिंघम

(b) आर.डी. बैनर्जी

(c) जॉन मार्शल

(d) दया राम साहनी

44. निम्नलिखित में से कौन जैन आचार्य ***नहीं*** हैं ?

(a) भद्रबाहु

(b) खेमा

(c) हरिभद्र

(d) सिद्धसेना दिवाकर

45. भारत में, महात्मा गाँधी की पहली महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक उपस्थिति कहाँ हुई ?

(a) चंपारण (1917)

(b) खेड़ा (1918)

(c) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में (1916)

(d) रॉलेट सत्याग्रह (1919)

46. पतंजलि के *महाभाष्य* के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसमें कौटिल्य का उल्लेख है ।
2. यह व्याकरण ग्रंथ है और इसमें ऐतिहासिक व्यक्तित्वों का संदर्भ केवल प्रसंगवश आया है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2, दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

47. निम्नलिखित में से किससे किसी पण्य का माँग वक्र के अनुदिश उतार-चढ़ाव हो सकता है ?

(a) इसकी कीमत में परिवर्तन

(b) अन्य पण्यों की कीमत में परिवर्तन

(c) उपभोक्ता की आय में परिवर्तन

(d) उपभोक्ताओं की पसंद और प्राथमिकताओं में परिवर्तन

48. निम्नलिखित में से कौन-सी किसी चयनित क्रियाकलाप की अवसर लागत है ?

(a) तुरंत देय लागत

(b) तुरंत देय लागत और सरकार द्वारा वहन की गई लागत

(c) छोड़ दिए गए सभी अवसरों का मूल्य

(d) सर्वोत्तम के बाद के विकल्प का मूल्य, जिसे छोड़ दिया गया है

41. Who among the following ancient Indian kings was praised in glowing terms in the *Prayaga Prashasti* ?

(a) Ashoka

(b) Harshavardhana

(c) Samudragupta

(d) Bindusara

42. The Self-Respect Movement was initiated by

(a) B.R. Ambedkar

(b) Jyotiba Phule

(c) E.V. Ramaswamy Naicker

(d) Jawaharlal Nehru

43. The location of the ancient city of Taxila (Takshshila), mentioned in ancient Indian texts, was identified by

(a) Alexander Cunnigham

(b) R.D. Banerji

(c) John Marshall

(d) Daya Ram Sahni

44. Who among the following was ***not*** a Jain Acharya ?

(a) Bhadrabahu

(b) Khema

(c) Haribhadra

(d) Siddhasena Divakara

45. In India, the first major public appearance of Mahatma Gandhi was in

(a) Champaran (1917)

(b) Kheda (1918)

(c) Inauguration of Banaras Hindu University (1916)

(d) Rowlatt Satyagraha (1919)

46. Consider the following statements about Patanjali's *Mahabhashya* :

1. It makes a mention of Kautilya.
2. It is a book on grammar and refers to historical personalities only incidentally.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

47. Which one of the following may lead to movement along the demand curve of a commodity ?

(a) Change in its price

(b) Change in price of the other commodities

(c) Change in income of the consumer

(d) Change in tastes and preferences of consumers

48. Which one of the following is the opportunity cost of a chosen activity ?

(a) Out of pocket cost

(b) Out of pocket cost plus cost incurred by the Government

(c) Value of all opportunities forgone

(d) Value of next best alternative that is given up

49. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वर्ष 2014 – 19 के दौरान भारत में किए गए सामाजिक क्षेत्र व्यय (राज्यों और संघ सरकार, दोनों को मिलाकर) के संदर्भ में सही है ?

(a) शिक्षा पर किया गया व्यय जी.डी.पी. का 5% था ।

(b) स्वास्थ्य पर किया गया व्यय सामाजिक सेवा व्यय का 4% था ।

(c) जी.डी.पी. के प्रतिशत के रूप में शिक्षा पर किए गए व्यय में गतिरोध था ।

(d) स्वास्थ्य क्षेत्र में किया गया व्यय कुल व्यय का 10% था ।

50. UNDP (यू.एन.डी.पी.) की मानव विकास रिपोर्ट – 2020 के अनुसार, हाल के वर्षों में भारत ने किन HDI (एच.डी.आई.) घटकों में सुधार किया है ?

1. जन्म पर आयु संभाविता
2. विद्यालयी शिक्षा के प्रत्याशित वर्ष
3. प्रति व्यक्ति GNI (जी.एन.आई.)
4. विद्यालयी शिक्षा के माध्य वर्ष

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

51. दो पक्षकार A और B के बीच किसी शुद्ध स्वैच्छिक विनिमय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) A, B का शोषण कर सकता है अथवा इसके विपरीत

(b) दोनों को लाभ हो सकता है; यह दोनों के लिए लाभप्रद स्थिति है

(c) यदि A को लाभ होता है, तो B को अवश्य हानि होगी

(d) दोनों को हानि हो सकती है

52. 'राज्य की लोक सेवाओं में, न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक् करने के लिए राज्य कदम उठाएगा' – यह उपबंध भारत के संविधान के किस भाग में समाविष्ट है ?

(a) भाग-4

(b) भाग-5

(c) भाग-6

(d) भाग-7

53. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. लोकसभा का अध्यक्ष किसी सदस्य को अपनी मातृभाषा में सदन को संबोधित करने की अनुज्ञा दे सकेगा, यदि वह हिंदी में या अंग्रेज़ी में अपनी पर्याप्त अभिव्यक्ति नहीं कर सकता/सकती है ।
2. संसदीय समितियों का कार्य हिंदी या अंग्रेज़ी में संपादित किया जाता है ।
3. संसदीय समितियों के कार्यवृत्त निरपवाद रूप से हिंदी या अंग्रेज़ी में तैयार किए जाते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

49. Which one of the following statements in the context of social sector spending in India during 2014 – 19 (both States and the Union Government together) is true ?

(a) Expenditure on education was 5% of GDP.

(b) Expenditure on health was 4% of the social services expenditure.

(c) There was a stagnation in the spending on education as a percent of GDP.

(d) Health sector spending amounted to 10% of the total expenditure.

50. According to UNDP's Human Development Report – 2020, in which of the HDI components has India improved in recent years ?

1. Life expectancy at birth
2. Expected years of schooling
3. GNI per capita
4. Mean years of schooling

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

51. Which one of the following is true of a pure voluntary exchange between two parties A and B ?

(a) A can exploit B or vice versa

(b) Both gain; it is a win-win situation

(c) If A makes profit, it must be at the cost of B

(d) Both can lose

52. The provision, 'the State shall take steps to separate the Judiciary from the Executive in the public services of the State' is incorporated in which part of the Constitution of India ?

(a) Part-IV

(b) Part-V

(c) Part-VI

(d) Part-VII

53. Which of the following statements are correct ?

1. Speaker may permit any Member to address the House in his/her mother tongue, if he/she cannot adequately express in either Hindi or English.
2. Business of the Parliamentary Committees is transacted either in Hindi or in English.
3. The minutes of the Parliamentary Committees are prepared invariably in Hindi or English.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

54. भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 में यथापरिभाषित शब्द 'राज्य' का सही अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) इसका आशय केवल भारत सरकार से है ।

(b) इसका आशय केवल भारत सरकार और भारत की संसद से है ।

(c) इसका आशय केवल भारत सरकार, भारत की संसद, तथा प्रत्येक राज्य की सरकारों और विधान-मंडलों से है ।

(d) इसका आशय भारत सरकार, भारत की संसद, प्रत्येक राज्य की सरकारों और विधान-मंडलों, तथा भारत के राज्य-क्षेत्र के भीतर सभी स्थानीय और अन्य प्राधिकारियों से है ।

55. राज्य सभा में स्थानों (सीटों) के संबंध में निम्नलिखित में से सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है ?

(a) आंध्र प्रदेश

(b) बिहार

(c) राजस्थान

(d) कर्नाटक

56. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत पंचायतों में महिलाओं के लिए स्थानों (सीटों) के आरक्षण का उपबंध किया गया है ?

(a) अनुच्छेद 243 ख

(b) अनुच्छेद 243 ग

(c) अनुच्छेद 243 घ

(d) अनुच्छेद 243 ङ

57. टोपरा स्थित अशोक स्तंभ के परिवहन का चित्रित वर्णन किसमें मिलता है ?

(a) *तारीख-ए-फिरोज़ शाही*

(b) *तारीख-ए-शाही*

(c) *सीरत-ए-फिरोज़ शाही*

(d) *अकबरनामा*

58. निम्नलिखित में से कौन-सा वैष्णव परंपरा का मंदिर है ?

(a) श्रीरंगम

(b) चिदंबरम

(c) गंगैकोंडचोलपुरम

(d) तंजावुर

59. जहाँआरा द्वारा लिखित शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की जीवनी किस नाम से जानी जाती है ?

(a) *मुनिस अल अरवाह*

(b) *फवाएद उल फवाद*

(c) *सीरत उल औलिया*

(d) *मुरक्का-ए देहली*

60. निम्नलिखित में से कौन-सी राष्ट्रीय आंदोलन में उदारवादी राजनीतिक प्रणाली ***नहीं*** है ?

(a) विदेशी शासन को उखाड़ फेंकना

(b) सांविधानिक आंदोलन

(c) धीमी, व्यवस्थित राजनीतिक प्रगति

(d) जनमत संग्रहण

54. Which one of the following is the correct meaning of the term 'State', as defined in Article 12 of the Constitution of India ?

(a) It refers only to the Government of India.

(b) It refers only to the Government of India and the Parliament of India.

(c) It refers only to the Government of India, Parliament of India, and Governments and Legislatures of each State.

(d) It refers to the Government of India, Parliament of India, Governments and Legislatures of each State, and all local or other authorities within the territory of India.

55. Which one among the following is the largest State in terms of seats in the Rajya Sabha ?

(a) Andhra Pradesh

(b) Bihar

(c) Rajasthan

(d) Karnataka

56. Under which Article of the Constitution of India has provision been made for reservation of seats for women in Panchayats ?

(a) Article 243 B

(b) Article 243 C

(c) Article 243 D

(d) Article 243 E

57. The painted illustration of the moving of the Ashoka Pillar at Topra is found in

(a) *Tarikh-i-Firuz Shahi*

(b) *Tarikh-i-Shahi*

(c) *Sirat-i-Firuz Shahi*

(d) *Akbar Nama*

58. Which one among the following is a temple of the Vaishnavite tradition ?

(a) Srirangam

(b) Chidambaram

(c) Gangaikonda Cholapuram

(d) Thanjavur

59. The biography of Shaikh Muinuddin Chishti, authored by Jahanara, is known as

(a) *Munis al Arwah*

(b) *Fawaid ul Fuwad*

(c) *Sirat ul Auliya*

(d) *Muraqqa-e Dehli*

60. Which one of the following is ***not*** a political method of the moderates in the National Movement ?

(a) Overthrow of alien rule

(b) Constitutional agitation

(c) Slow, orderly political progress

(d) Mobilisation of public opinion

61. स्वामी दयानंद सरस्वती ने किनसे प्रेरणा ली ?

(a) पुराणों से

(b) वेदों से

(c) मध्यकालीन संतों से

(d) सूफ़ीवाद से

62. '(ब्रिटिश) सरकार के साथ (सभी) स्वैच्छिक संबंधों के परित्याग' का आह्वान किसके दौरान किया गया ?

(a) असहयोग आंदोलन

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(c) भारत छोड़ो आंदोलन

(d) बंगाल विभाजन का विरोध

63. भारत के काल-क्षेत्र (टाइम ज़ोन) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. समग्र देश के लिए एक मानक समय है ।
2. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप द्वीपसमूह के भिन्न काल-क्षेत्र हैं ।
3. भारतीय मानक समय (आई.एस.टी.), जी.एम.टी. से साढ़े पाँच घंटे पीछे है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 1 और 3

64. D ने हाल ही में खरदुंग-ला, नुब्रा घाटी और विभिन्न बौद्ध मठों का दौरा किया । उसने निम्नलिखित में से किस राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र का दौरा किया ?

(a) हिमाचल प्रदेश

(b) उत्तराखंड

(c) सिक्किम

(d) लद्दाख

65. निम्नलिखित में से किस राज्य में मानसून की अरब सागर शाखा और बंगाल की खाड़ी शाखा, दोनों से वर्षा होती है ?

(a) पंजाब

(b) महाराष्ट्र

(c) मेघालय

(d) तमिलनाडु

